प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 30.08.2025 (संध्या– 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- **भारत की पहली तिमाही में 7 दशमलव 8 फीसदी की जीडीपी वृद्धि का अनुमान, जीडीपी में वृद्धि से राज्य के उद्योग और व्यापार जगत में उत्साह।**
- **राज्य में इंडी ब्लॉक के घटक दल उपराष्ट्रपति चुनाव में बी0 सुदर्शन रेड्डी के साथ, मुख्यमंत्री और अन्य नेताओं से मिले इंडी उम्मीदवार, समर्थन का किया आग्रह।**
- **आकाशवाणी के मासिक मन की बात कार्यक्रम में कल सवेरे ग्यारह बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश–विदेश के लोगों से साझा करेंगे अपने विचार।**
- **सीबीआई की विशेष अदालत ने सीएनटी एक्ट के उल्लंघन मामले में सुनाया फैसला, पूर्व मंत्री एनोस एक्का और उनकी पत्नी को सात–सात वर्ष की सजा, जुर्माना भी लगाया।**
- **लघु और कुटीर उद्योग दिवस पर केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दी शुभकामनायें, कहा–लाखों लोगों को मिलेगा रोजगार, प्रधानमंत्री का 2047 तक विकसित भारत का सपना होगा साकार।**

****

भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल–जून तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। यह पाँच तिमाही में सबसे अधिक है। पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में जीडीपी सात दशमलव चार प्रतिशत रही थी, जबकि पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह छह दशमलव पांच प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी पहली तिमाही के आंकडों के अनुसार नॉमिनल जीडीपी में आठ दशमलव आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई। झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के महासचिव आदित्य मल्होत्रा और संयुक्त सचिव नवजोत अलंग ने इन अनुमानों का स्वागत करते हुए कहा है कि जीडीपी में वृद्धि से उद्योग और व्यापारी जगत उत्साहित हैं।

गिरिडीह चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों ने भी जीटीपी ग्रोथ रेट बढ़ने का जोरदार स्वागत किया है। गिरिडीह के व्यवसायियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का समग्र विकास हो रहा है।

****

नौ सितम्बर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गयी है। एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बी0 सुदर्शन रेड्डी समर्थन जुटाने की कवायद में हैं। इस सिलसिले में श्री रेड्डी ने आज रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और घटक दलों के नेताओं से मुलाकात की और समर्थन मांगा। बाद में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि श्री रेड्डी को विजय बनाने की कोशिश होगी।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा।

****

सीबीआई की विशेष अदालत ने आज सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर बड़े पैमाने पर आदिवासियों की जमीन खरीदने के मामले में पूर्व मंत्री एनोस एक्का और उनकी पत्नी मेनन एक्का समेत सभी दस आरोपियों को सजा सुना दी है। अदालत ने श्री एक्का और उनकी पत्नी को सात–सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनायी है। इसके अलावा दोनों पर एक–एक लाख रूपये का जुर्माना भी लगाया है।

****

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि केंद्र सरकार लघु और कुटीर उद्योगों के विकास के लिए मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि योजना और सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं को प्रोत्साहित करने वाली कई योजनाएं चला रही है। हजारीबाग में पत्रकारों से बातचीत में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से आने वाले समय में लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा और प्रधानमंत्री का 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार होगा।

इससे पहले केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने हजारीबाग में दिशा की बैठक में शामिल हुई।

****

केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा है कि देश आत्मनिर्भरता की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है। उन्होंने रांची के बुंडू में आोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोगों से देशी उत्पादों को उपयोग करने की अपील की। श्री सेठ ने कहा जिस दिन देश की एक सौ चालीस करोड़ जनता देशी उत्पादों का उपयोग करने लगेगी, उस दिन भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता।

****

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशाोर ने आज रांची में झारखंड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के मोबाइल ऐप का उदघाटन किया। इस मौके पर वित्त मंत्री ने कहा कि बैंकर्स यदि सहयोग करेंगे तो हम वह उपलब्धि हासिल कर सकते हैं, जिसकी अभी हम कल्पना भी नहीं कर सकते।

****

लातेहार जिले में संविदा पर नियुक्त दो सौ अड़तीस सहायक पुलिस कर्मियों की सेवा समाप्त कर दी गयी है। जिले के पुलिस अधीक्षक ने सभी को कार्यमुक्त करने का निर्देश दिया है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

****

- धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के के तहत आज गुमला जिले के सभी प्रखण्डों में एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उधर लोहरदगा नगर भवन में भी अभियान को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।
- सरायकेला–खरसावां पुलिस ने ब्राउन शुगर के अवैध कारोबार में संलिप्त तीन तस्कारों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के पास से बीस ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है।

*******समाप्त********